# ग्राम पंचायत जंगल रोपा, विकास खण्ड हमीरपुर, जिला हमीरपुर के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024

## भाग-1

1 **(क) प्रस्तावना:-**

ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत ग्राम पंचायत जंगल रोपा, विकास खण्ड हमीरपुर, जिला हमीरपुर के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत जंगल रोपा में निम्नलिखित प्रधान व सचिव कार्यरत रहे :**

**प्रधान :-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| **1.** | श्री अश्वनी ठाकुर | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**पंचायत सचिव:-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री रविंदर कुमार | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**तकनीकी सहायक :-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्री अजय मन्हाश | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**ग्राम रोजगार सेवक :-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| **1.** | श्रीमति नीलम कुमारी | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार:-**

ग्राम पंचायत जंगल रोपा, विकास खण्ड हमीरपुर, जिला हमीरपुर के अवधि 01.04.22 से 31.03.24 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है :-

| क्रम संख्या | पैरा संख्या | अनियमितताओं का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4.4 | रोकड़ बही एवं बैंक खातों के शेषों का नियमानुसार मिलान न करने के कारण अंत शेष में अंतर पाया जाना | 0.33 |
| 2 | 6.1 | अनुदानों का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 38.21 |
| 3 | 7.3 | विवाह पंजीकरण शुल्क को नियमानुसार सरकारी कोष में जमा न करवाना | 0.07 |
| 4 | 8.1 | ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ताओं से रॉयल्टी न वसूलने के कारण सरकार को राजस्व की सम्भावित वित्तीय हानि होना | 0.70 |
| 5 | 8.2 | संविदाकार / आपूर्तिकर्ता के भुगतान बिलों से नियमानुसार स्त्रोत पर 2% जी.एस.टी. टी.डी.एस. की कटौती न करने के कारण अधिक/अनियमित भुगतान करना | 0.27 |
| 6 | 9.1 | मनरेगा शीर्ष से अधिक/अनियमित भुगतान करना | 0.28 |
| 7 | 9.2 | पत्थर की खरीद में रिक्तियां (voids) की कटौती न करने के कारण अधिक एवं गलत भुगतान करना | 0.09 |
| 8 | 9.3 | माप पुस्तिकाओं को अंकेक्षण में प्रस्तुत न करना | 8.49 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9 | 9.4 | औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना निर्माण सामग्री का क्रय करना | 3.91 |
| 10 | 9.5 | सामग्री की स्टॉक रजिस्टरों में स्टॉक प्राप्ति प्रविष्टियाँ व खपत / जारी करने से सम्बन्धित अभिलेख दर्ज न करने बारे। | 3.08 |

**(ग) गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन**

पंचायत द्वारा गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के लम्बित पैरों के समायोजन हेतु कोई भी कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई जोकि स्वत: आपत्तिजनक एवं चिन्तनीय विषय है । वर्तमान अंकेक्षण उपरान्त अनिर्णीत पैरों की स्थिति निम्न प्रकार से है :-

**(i) अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2013 से 03/2016 तक**

| क्रम संख्या | पैरा संख्या | वर्तमान स्थिति | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 3 | निर्णीत। | अंकेक्षण शुल्क, राशि ₹7200/- की प्राप्ति बैंक ड्राफ्ट संख्या XAA 418201 दिनांक 25.07.2024 द्वारा कर ली गई है। |
| 2 | 4(ii) | अनिर्णीत। | |
| 3 | 5(i)(ii)(iii) | अनिर्णीत। | |
| 4 | 6 | अनिर्णीत। | |
| 5 | 7 | अनिर्णीत। | |
| 6 | 8 | अनिर्णीत। | |
| 7 | 9 | अनिर्णीत। | |
| 8 | 10 | अनिर्णीत। | |
| 9 | 11 | अनिर्णीत। | |
| 10 | 12 | अनिर्णीत। | |
| 11 | 13 | अनिर्णीत। | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा संख्या 10 में पुन: प्रारूपित। |
| 12 | 14 | अनिर्णीत। | |
| 13 | 15 | अनिर्णीत। | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा संख्या 11 में पुन: प्रारूपित। |

अतः पंचायत द्वारा लम्बित पैरों के समायोजन हेतु प्राथमिकता के आधार पर विशेष कार्यवाही करना सुनिश्चित की जाये व कृत अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाये।

**भाग-2**

**2. वर्तमान अंकेक्षण :-**

ग्राम पंचायत जंगल रोपा, विकास खण्ड हमीरपुर, जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/22 से 31/03/24 तक के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री अमित कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 18.07.2024 से 25.07.2024 तक ग्राम पंचायत जंगल रोपा के कार्यालय में किया गया | आय-व्यय की विस्तृत जांच हेतू मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्व: स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गया :-

| वित्तीय वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2022-23 | 03/2023 | 09/2022 |
| 2023-24 | 03/2024 | 03/2024 |

***अस्वीकरण (Disclaimer) :-*** *इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रण अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है| पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी गलत सूचना / अभिलेख के अपूर्ण / गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतू हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।*

**3. अंकेक्षण शुल्क :-**

ग्राम पंचायत जंगल रोपा, विकास खण्ड हमीरपुर, जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/22 से 31/03/24 तक के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹5600/- आंका गया | अंकेक्षण शुल्क की राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट / मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हि० प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग शिमला-9 को प्रेषित करने हेतू अंकेक्षण अधियाचना संख्या 225/2024 दिनांक 22/07/2024 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया, जिसकी अनुपालना में ग्राम पंचायत जंगल रोपा द्वारा पंजाब

नेशनल बैंक, नाल्टी, हमीरपुर, DDO NO - XAA 418202 दिनांक 25.07.2024 द्वारा उक्त राशि को निदेशक, हि० प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग शिमला-9 को प्रेषित कर दिया गया।

**4. वित्तीय स्थिति:-**

सचिव, ग्राम पंचायत जंगल रोपा द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या 207/2024 दिनांक 16.07.2024 की अनुपालना में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार पंचायत के अवधि 01/04/22 से 31/03/24 के लेखों की वित्तीय स्थिति का विस्तृत विवरण **सलंग्न परिशिष्ट "क"** पर दिया गया है। ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान छः (6) रोकड़ बहियों अर्थात् स्वः स्त्रोत (Offline), अनुदान (प्लानिंग)(Offline), स्वच्छ भारत मिशन (PFMS)(Online), 14वें वित्तायोग (Online), 15वें वित्तायोग (Online) व मनरेगा (Online) का रख-रखाव किया गया था।

**(1)(क) स्वः स्त्रोतः-**

ग्राम पंचायत जंगल रोपा, विकास खण्ड हमीरपुर, जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/22 से 31/03/24 तक की स्वयं स्त्रोत की वित्तीय स्थिति का विवरण निम्न प्रकार से है :-

| **वर्ष** | **प्रारम्भिक शेष (₹)** | **आय ब्याज सहित (₹)** | **कुल योग (2+3) (₹)** | **व्यय (₹)** | **अंतिम शेष (4-5) (₹)** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 2022-23 | 363615.09 | 126686.00 | 490301.09 | 92192.00 | 398109.09 |
| 2023-24 | 398109.09 | 102217.00 | 500326.09 | 41655.00 | **458671.09** |

**(ख) अनुदान :-**

ग्राम पंचायत जंगल रोपा, विकास खण्ड हमीरपुर, जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/22 से 31/03/24 तक के अनुदान की वित्तीय स्थिति का विवरण निम्न प्रकार से है :-

| **वर्ष** | **प्रारम्भिक शेष (₹)** | **आय ब्याज सहित (₹)** | **कुल योग (2+3) (₹)** | **व्यय (₹)** | **अंतिम शेष (4-5) (₹)** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 2022-23 | 4695846.93 | 6382880.02 | 11078726.95 | 6470732.04 | 4607994.91 |
| 2023-24 | 4607994.91 | 4294826.00 | 8902820.91 | 5082213.38 | **3820607.53** |

**(ग) संकलित वित्तीय स्थिति :-**

ग्राम पंचायत जंगल रोपा, विकास खण्ड हमीरपुर, जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/22 से 31/03/24 तक के संकलित वित्तीय स्थिति का विवरण निम्न प्रकार से है :-

| वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | आय ब्याज सहित (₹) | कुल योग (2+3) (₹) | व्यय (₹) | अंतिम शेष (4-5) (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 2022-23 | 5059462.02 | 6509566.02 | 11569028.04 | 6562924.04 | 5006104.00 |
| 2023-24 | 5006104.00 | 4397043.00 | 9403147.00 | 5123868.38 | **4279278.62** |

**(2) दिनांक 31.03.24 को ग्राम पंचायत जंगल रोपा, विकास खण्ड हमीरपुर , जिला हमीरपुर के बैंक शेष व हस्तगत राशि का अंतशेष का विवरण निम्नानुसार है :-**

| क्रम संख्या | शीर्ष का नाम | खाता संख्या | खाता नंबर | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| **1** | स्वयं स्त्रोत | PNB NALTI | 2083000100029144 | 458379.09 |
| | अनुदान (प्लानिंग) | PNB NALTI | 2083000101046272 | 837903.09 |
| | 14वां वित्तायोग | PNB NALTI | 2083000101044812 | 115521.24 |
| | 15वां वित्तायोग | HDFC HAMIRPUR | 50100319721900 | 2833906.50 |
| **2** | | योग | | **4245709.92** |
| | | हस्तगत राशि (स्व: स्त्रोत) | | 342.00 |
| | | योग **(1+2)** | | **4246051.92** |

**(3) बैंक समाधान विवरणी :-**

| | | |
|---|---|---|
| 1) | स्व: स्त्रोत –दिनांक 31.03.2024 पंचायत की वित्तीय स्थिति अनुसार खाता "**क**" का अंतिम शेष | 458671.09 |
| 2) | अनुदान –दिनांक 31.03.2024 पंचायत की वित्तीय स्थिति अनुसार खाता "**ख**" का अंतिम शेष | 3820607.53 |
| 3) | दिनांक 31.03.2024 पंचायत की वित्तीय स्थिति अनुसार खता "**क" व "ख**" का कुल अंतिम शेष (1+2) | **4279278.62** |
| 4) | दिनांक 31.03.24 को पंचायत के **बैंक** खातों / पैरा 4(2) के अनुसार खाता "**क" व "ख**" का कुल अंतिम शेष | 4245709.92 |
| 5) | दिनांक 31.03.24 को हस्तगत राशि (स्व: स्त्रोत) | 342 |
| 6) | योग (4+5) | 4246051.92 |
| 7) | **अन्तर (3-6)** | **33226.70** |

**(4) रोकड़ बही एवं बैंक खातों के शेषों का नियमानुसार मिलान न करने के कारण अंत शेष में ₹0.33 लाख का अंतर पाया जाना :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 7(3) व 10 (1) के अनुसार पंचायत की रोकड़ बहियों के शेषों का बैंक खातों के शेषों से मिलान करना अनिवार्य है |

ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान रोकड़ बहियों व बैंक खातों का मिलान नहीं किया गया था, जिसके कारण दिनांक 31.03.24 को स्व: स्त्रोत व 15वें वित्तायोग शीर्ष की रोकड़ बही एवं बैंक के अंतिम शेष में राशि ₹33226.70/- का अन्तर निम्न विवरणानुसार बैंक व रोकड़ बही में कम पाया गया |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| **क्रम संख्या** | **रोकड़ बही का नाम** | **दिनांक 31.03.2024 को रोकड़ बही का अन्तशेष (₹)** | **दिनांक 31.03.2024 को बैंक शेष का योग (₹)** | **अन्तर (4-3) (₹)** |
| 1 | Own sources | 458671.09 | 458721.09 | 50.00 रोकड़ बही में कम |
| 2 | 15th FC | 2867183.20 | 2833906.50 | 33276.70 बैंक में कम |
| **कुल अंतर** | | | | **33326.70** |

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 217/2024 दिनांक 22/07/2024 के प्रत्युत्तर में उक्त अंतर की राशि बारे सचिव, ग्राम पंचायत द्वारा पत्र संख्या 15 दिनांक 25/07/2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि "उक्त पत्र में वर्णित रोकड़ बही का बैंक खातों से राशि **₹33326.70** अंतर का पता लगाकर अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवा दिया जाएगा"।

अतः अंकेक्षण को दिये आश्वासनानुसार अंतर के कारणों की तथ्यपूर्ण स्थिति स्पष्ट करते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**5. सावधिक निवेश :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 11 के अनुसार प्रत्येक पंचायत द्वारा उपलब्ध अतिरिक्त निधियों को पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव उपरान्त राष्ट्रीकृत बैंक, सहकारी बैंक अथवा सरकारी प्रतिभूतियों में इस प्रकार से निवेशित किया जाना अपेक्षित है, ताकि इन पर अधिकतम ब्याज अर्जित किया जा सके।

ग्राम पंचायत द्वारा इस नियम की अनुपालना में अंकेक्षण अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के दौरान किसी भी राशि को सावधि जमा में निवेशित नहीं किया गया था, जबकि वित्तीय स्थिति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि पंचायत के पास प्रतिवर्ष पंचायत निधि (स्वः-स्रोत) में अतिरिक्त शेष उपलब्ध था। इस चूक के कारण संसाधनों की कमी से जूझ रही पंचायत को अतिरिक्त ब्याज के रूप में होने वाले लाभ से भी वंचित होना पड़ा है।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 207/2024 दिनाँक 16.07.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में प्रतिउत्तर पत्र संख्या 13 दिनांक 25/07/2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि पंचायत का अवधि 04/22 से 03/24 के दौरान सावधि जमा योजना में निवेश शून्य था |

अत: पंचायत सचिव को परामर्श दिया जाता है कि स्वयं स्त्रोत तथा अनुदान से सम्बन्धित रोकड़ बही का नियमानुसार रख-रखाव करके, स्वयं स्त्रोत में आवश्यकता से अधिक पड़ी राशि को सावधि जमा योजना में निवेशित किया जाना सुनिश्चित किया जाए ताकि ग्राम पंचायत को ब्याज के रूप में अतिरिक्त आय प्राप्त हो सके तथा निवेश की स्थिति में हि० प्र० प० रा०(वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 12(1) के प्रारूप 1 में निर्धारित निवेश रजिस्टर का रख-रखाव भी किया जाना सुनिश्चित किया जाये ।

अत: कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाना सुनिश्चित करें ।

## 6. अनुदान

### 6.1 अनुदान राशि ₹38.21 लाख का उपयोग न करना :-

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली, 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियों को फंडिंग एजेन्सी की अपेक्षाओं व मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्यों हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है ।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या 207/2024 दिनांक 16.07.2024 की अनुपालना में प्रस्तुत सूचना जोकि **(परिशिष्ट"क")** पर सलंग्न है, के अनुसार दिनांक 31.03.2024 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से **₹3820607.53/-** की राशि उपयोग हेतू शेष थी, जिससे स्पष्ट है कि विभिन अनुदान शीर्षों के अंतर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यों का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा सरकार द्वारा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में यह पंचायत पीछे है ।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 207/2024 दिनाँक 16.07.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर संख्या 13 दिनाँक 25.07.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि इस विषय में कार्यवाही करके अनुदान राशि का उपयोग कर लिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः उक्त मामले में आवश्यक कार्यवाई अमल में लाकर शेष अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए इसके व्यय हेतु सक्षम अधिकारी से अवधि बढ़ौतरी की स्वीकृति प्राप्त करके नियमानुसार उक्त शेष राशि को निर्धारित उद्देश्यों हेतु

व्यय करना सुनिश्चित किया जाये व तदानुसार कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 6.2 अनुदानों के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करना :-

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, सकर्म, कराधान,व भत्ते) नियम 2002 के नियम 88 के अनुसार पंचायत को दिए गए अनुदानों का उपयोग उसी प्रयोजन के लिए किया जा सकता है, जिसके लिए अनुदान मंजूर किए गए हैं एवं उस अधिकारी को जिसने अनुदान मंजूर किए हैं, को उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है |

इस सन्दर्भ मे जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 207/2024 दिनाँक 16.07.2024 के प्रतिउत्तर में सचिव द्वारा पत्र संख्या 03 दिनाँक 25.07.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि विभिन्न अनुदानों के व्यय के सम्बन्ध में उपयोगिता प्रमाण पत्र आगामी अंकेक्षण में जाँच हेतू प्रस्तुत कर दिए जाएंगे।

अतः अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत अपेक्षित कार्यवाही करके अनुपालना से शीघ्र अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 6.3 अनुदान के आदेश / स्वीकृति पत्र की प्रति उपलब्ध न करवाना :-

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, सकर्म, कराधान,व भत्ते) नियम 2002 के नियम 79(2) के अनुसार पंचायत को दिए गए अनुदानों के आदेश / स्वीकृति पत्र की प्रति अंकेक्षणार्थ उपलब्ध करवाना आवश्यक है।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 207/2024 दिनाँक 16.07.2024 द्वारा मांगी गई सूचना के प्रतिउत्तर में पत्र संख्या 03 दिनाँक 25.07.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि में प्राप्त किए गए अनुदानों के आदेश / स्वीकृति पत्र पंचायत में प्राप्त नही हुए हैं तथा खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय द्वारा राशि प्राप्त होने के उपरांत मौखिक रूप में अनुदानों के प्रयोजन बारे सूचित किया जाता है । यह एक अनुचित प्रक्रिया है, क्योंकि लिखित रूप में अनुदान का प्रयोजन प्राप्त न होने के कारण अनुदानों के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है |

अत: अनुदान के आदेश / स्वीकृति पत्र की प्रति उपलब्ध न होने के कारण यह ज्ञात नहीं हो सका कि पंचायत द्वारा प्राप्त किए गए अनुदान किस उद्देश्य / कार्य विशेष के लिए प्राप्त किए गए थे एवं उनका उपयोग किस उद्देश्य एवं कार्य के लिये किया गया था।

अतः उक्त आदेश / स्वीकृति पत्र खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय से प्राप्त करके सम्बन्धित समर्थित अभिलेख सहित अंकेक्षण में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

## 7. पंचायत राजस्व

### 7.1 पंचायत का गृहकर/ सम्पत्ति कर वसूली हेतु शेष :-

**(क)** हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, सकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 33 के अनुसार पंचायत को गृहकर/ सम्पत्ति कर की वसूली करना अपेक्षित है तथा हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित, बजट) नियम 2002 के नियम 34 (2) के प्रावधानानुसार पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणों के परादेय (Outstanding) नहीं रखी जाएगी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या 207/2024 दिनांक 16.07.2024 के क्रम संख्या 5 के प्रतिउत्तर में सलंग्न **(परिशिष्ट "ख")** द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना का अवलोकन करने पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 व 2023-24 के दौरान गृहकर की देय राशि **₹** 50/- वसूली हेतु शेष थी, जिसका विवरण निम्नानुसार है।

| **वर्ष** | **प्रारम्भिक शेष (₹)** | **परिवार** | **गृहकर वार्षिक दर (₹)** | **मांग (₹)** | **योग (₹)** | **प्राप्ति (₹)** | **वसूली हेतु शेष राशि (₹)** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2022-23 | 1800 | 824 | 50 | 41200 | 43000 | 41500 | 1500 |
| 2023-24 | 1500 | 824 | 50 | 41200 | 42700 | 42650 | **50** |

अतः गृहकर की राशि की वसूली न करने का नियमानुसार पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए व इसकी शीघ्र वसूली करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

### 7.2 विवाह पंजीकरण शुल्क ₹0.02 लाख की वसूली न करना :-

हिमाचल प्रदेश सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की अधिसूचना संख्या-SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक 04.10.16 के अंतर्गत विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में ₹200/- प्रति शुल्क तथा देरी के लिए दोगुनी दर से पंजीकरण शुल्क प्राप्त किया जाना निर्धारित है जिसे समय- समय पर वसूल करने के उपरान्त हि० प्र० विवाह पंजीकरण नियम, 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित लेखा शीर्ष 0235-00-800-03 में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 व 2023-24 के दौरान परिशिष्ट "ग" अनुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में निर्धारित दरों से ₹1600/- की वसूली नहीं की गई थी।

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 215/2024 दिनांक 22.07.2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा पत्र संख्या 15 दिनांक 25.07.2024 द्वारा स्पष्ट किया कि विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में कम वसूली गई राशि की वसूली हेतु रसीद संख्या 239185 दिनांक 23/07/2024 द्वारा काट ली गई है तथा राशि, जिसे राजकीय कोष के मद 0235-00-800-03 में जमा करवा दिया जाएगा।

अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई सम्पूर्ण राशि को शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए।

**7.3 विवाह पंजीकरण शुल्क की राशि ₹0.07 लाख को सरकारी कोष में जमा न करवाना :-**

हिमाचल प्रदेश सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की अधिसूचना संख्या-SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक 04.10.16 के अंतर्गत विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को हि० प्र० विवाह पंजीकरण नियम, 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित लेखा शीर्ष 0235-00-800-03 में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 व 2023-24 के दौरान विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि **₹7400**/- को नियमानुसार सरकारी कोष में जमा नहीं करवाया गया था जिसका विवरण सलंग्न (**परिशिष्ट "ग"**) में दिया गया है।

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 216/2024 दिनांक 22.07.2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा पत्र संख्या 05 दिनांक 25/07/2024 द्वारा स्पष्ट किया कि "अंकेक्षण अवधि दौरान प्राप्त विवाह पंजीकरण शुल्क की राशि **₹7400**/- को राजकीय कोष के मद 0235-00-800-03 में जमा करवा दिया जाएगा व अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवा दिया जाएगा"।

अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई सम्पूर्ण राशि को उक्त नियम प्रावधानानुसार सरकारी कोष में जमा न करवाने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाये अथवा अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत इसे शीघ्र अति शीघ्र नियमानुसार सरकारी कोष में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए।

**8. व्यय**

**8.1 ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ताओं से रॉयल्टी न वसूलने के कारण सरकार को राशि ₹0.70 लाख के राजस्व की सम्भावित वित्तीय हानि :-**

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल्स नियम 2015 के नियम 81 व 81-ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास "फार्म डब्ल्यू" या सप्लीमेंटरी पास "फार्म एक्स" उपलब्ध करवाना अनिवार्य है अन्यथा उक्त नियम की द्वित्तीय अनुसूची के अनुसार निम्न दरों से रॉयल्टी का भुगतान 25% पेनल्टी के साथ करना होगा।

अंकेक्षण अवधि 04/22 से 03/24 में चयनित माह 09/22 व 03/24 के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्तिकर्ता से खनन सामग्री जैसे पत्थर,रेत, बजरी इत्यादि की आपूर्ति पर उक्त ट्रांजिट पास अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किए गए। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को सलंग्न **(परिशिष्ट "घ")** अनुसार राशि **₹70042.58/-** का अनियमित भुगतान किया गया प्रतीत होता है।

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 218/2024 दिनांक 22/07/2024 के प्रतिउत्तर में सचिव द्वारा पत्र संख्या 15 दिनांक 25/07/2024 द्वारा सूचित किया गया कि" उक्त पत्र में वर्णित राशि **₹70042.58** रॉयल्टी की कटौती बिलों में से नहीं की गई है जिसे भविष्य में रॉयल्टी नियमानुसार काटा जाएगा अथवा ट्रांजिट पास फार्म लिया जाएगा तथा इसकी वसूली सम्बन्धित से करके आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दी जायेगी "। उत्तर मान्य नहीं है क्योंकि ट्रांजिट पास की अनुपस्थिति में आपूर्तिकर्ता को खनन सामग्री का भुगतान रॉयल्टी की कटौती 25% पेनल्टी सहित करने के पश्चात किया जाना अपेक्षित था।

चयनित मासों के दौरान राशि **₹70042.58** के अनियमित भुगतान को या तो नियमानुसार समर्थित अभिलेख सहित न्यायोचित ठहराया जाये क्योंकि निदेशक, ग्रामीण विकास तथा पंचायती राज विभाग, शिमला-9 के पत्र संख्या-XEN-(RD & PR)-DB-General/2023-1/204192/2023-34307-30 दिनांक 02, Nov, 2023 के अनुसार ठेकेदारों एवं आपूर्तिकर्ताओं को खनन निर्माण सामग्री हेतु भुगतान केवल तभी किया जायेगा जब वे वैध ट्रांजिट पास फार्म "X" या "W" जमा करेंगें। इसके अतिरिक्त अंकेक्षण अवधि के दौरान उक्त पत्र में दिये निर्देशों के विरूद्ध किए गये समस्त भुगतानों की विस्तृत सत्यापित सूची सहित उनके भुगतानों को नियमानुसार समर्थित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अथवा अंकेक्षण अवधि में किये गये समस्त

असमर्थित/अनियमित भुगतानों की उचित स्रोत से वसूली कर कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये तथा किसी संशय की स्थिति में इस प्रकरण को सम्बन्धित जिला खनन अधिकारी से पत्राचार कर तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**8.2 संविदाकार / आपूर्तिकर्ता के भुगतान बिलों से नियमानुसार स्त्रोत पर 2% जी.एस.टी. टी.डी.एस. की कटौती न करने के कारण ₹0.27 लाख का अधिक अनियमित भुगतान करना :-**

हिमाचल प्रदेश जी.एस.टी. अधिनियम, 2017 की धारा 51 तथा हि.प्र. आवकारी एवं कराधान विभाग के पत्र संख्या 12-4/78 EXN-TAX-Part(278/25)-29056 दिनांक 29/09/2018 के अनुसार किसी भी व्यक्ति / फर्म / संस्था / स्थानीय प्राधिकरण अथवा सरकारी विभाग (Person/HUF/Firm/Local authority / Govt. Deductor) द्वारा संविदाकार व्यक्ति, फर्म को सेवाएं तथा वस्तुएं प्रदान करने के बदले एक कॉन्ट्रैक्ट के अन्तर्गत ₹250000/- से अधिक राशि के भुगतान पर 2% (1% सी.जी.एस.टी. +1% एस.जी.एस.टी.-अन्तर्राज्यीय आपूर्ति तथा 2% आई.जी.एस.टी.-अंतर्राज्यीय आपूर्ति) की दर से जी.एस.टी. टी.डी.एस. की कटौती सम्बन्धित व्यक्ति / फर्म / संविदाकार को नगद अथवा बैंक खाते में अदायगी के समय की जानी अपेक्षित है तथा उक्त कटौती की राशि को अगले माह 10 तारीख से पहले सम्बन्धित विभाग में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 व 2023-24 में आपूर्तिकर्ताओं को सामग्री की आपूर्ति **सलंग्न (परिशिष्ट "ङ")** अनुसार राशि **₹1357836/-** (जी.एस.टी. को छोड़कर) का भुगतान किया गया था। लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा स्त्रोत पर राशि **₹27156.72/-** की 2% जी.एस.टी. टी.डी.एस. के रूप में कटौती नहीं की गई थी, जोकि नियमानुसार अनुचित प्रक्रिया है।

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 219/2024 दिनांक 22/07/2024 के प्रत्युत्तर में पत्र संख्या 05 दिनांक 25/07/2024 द्वारा अंकेक्षण में स्पष्ट किया गया कि "उक्त पत्र में वर्णित आपूर्तिकर्ताओं से ₹**1357836/-** की सामग्री की आपूर्ति करने पर नियमानुसार बनती ₹**27156.72/-** GST,TDS की कटौती बिलों में से नही की गई है, जिन्हें भविष्य में नियमानुसार काटा जाएगा तथा इसकी वसूली सम्बन्धित से करके आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दी जायेगीं। प्रस्तुत उत्तर तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः जी.एस.टी.(टी.डी.एस.). की कटौती न करने का तथ्य पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए, एवं इस सम्बन्ध में किसी प्रकार के संशय की स्थिति में इस प्रकरण को सम्बन्धित विभाग से उठाते हुये तदानुसार कृत कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये अन्यथा अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत नियमानुसार देय अपेक्षित राशि की वसूली उचित स्त्रोत से करने उपरान्त सम्पूर्ण राशि सम्बन्धित विभाग में जमा करवाई जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को भी अवगत करवाया जाए।

**9.1 मनरेगा शीर्ष के अंतर्गत ₹0.28 लाख के अधिक/अनियमित भुगतान करने बारे :-**

ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा के अंतर्गत व्यक्तिगत लाभार्थी हेतु निदेशक एवं आयुक्त मनरेगा ग्रामीण विकास विभाग के पत्र संख्या SMS-1/2021-22-RDD-Implementation-MGNREGA-5684-5808 दिनांक 25.05.2022 के अनुसार The amount of material component which is to be reimbursed in the account of individual beneficiaries shall be restricted to the maximum of 40% of the actual total cost of the work by applying the following formula :

**Actual unskilled labour cost × 2/3 = Material Cost की** अवहेलना करते हुए सलंग्न **(परिशिष्ट "च")** द्वारा राशि ₹27744.30/- का अधिक भुगतान किया गया था :-

| क्रम संख्या | निर्माण कार्य का नाम | सामग्री की लागत / व्यय योग्य राशि | ग्राम पंचायत द्वारा जारी सामग्री | सामग्री पर व्यय राशि (₹) | लाभार्थी को भुगतान योग्य राशि(₹) | लाभार्थी को अधिक भुगतान(₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | C/o Plantation in land of Dev Raj s/o Loungu ram vill Masyana | मस्ट्रोल संख्या (1456) (5936) =5936 x 2/3 =3957 | Plants | 6500 | 3957 | 2543.00 |
| 2 | c/o Plantation in land of Banta ram s/o lala ram vill | मस्ट्रोल संख्या (1455) (9964) =9964x 2/3 | Plants | 9000 | 6642 | 2357.00 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | bakarti | =6642 | | | | |
| 3 | c/o plantation wk in land Ajeet kumar s/o Loungu ram vill Masyana | मस्ट्रोल संख्या (1454) (5936) =5936 x 2/3 =3957 | Plants | 6500 | 3957 | 2543.00 |
| 4 | c/o Plantation wk of land of Suresh kumar s/o Ramrath vill har | मस्ट्रोल संख्या (1453 + 1606) (5936 + 3392) =9328 x 2/3 =6218 | Plants | 9000 | 6218 | 2782.00 |
| 5 | c/o plantation wk in land of kuldeep singh vill Har | मस्ट्रोल संख्या (1451) (8904) =8904 x 2/3 =5936 | Plants | 7100 | 5936 | 1164.00 |
| 6 | c/o Plantation wk in land of vinod kumar s/o sada ram | मस्ट्रोल संख्या (1450+1605) (5936+3392) =9328 x 2/3 =6218 | Plants | 9000 | 6218 | 2781.00 |
| 7 | c/o Plantation wk in land of amar nath s/o Gajjan ram | मस्ट्रोल संख्या (14492) (5936) =5936 x 2/3 =3957 | Plants | 6600 | 3957 | 2642.00 |
| 8 | c/o Plantation wk in land of ramesh chand vill bhadla | मस्ट्रोल संख्या (1376) (7632) =7632 x 2/3 =5088 | Plants | 9600 | 5088 | 4512.00 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | c/o Plantation wk in land of Jai pal s/o roop lal | मस्ट्रोल संख्या (1448) (5936) =5936 x 2/3 =3957 | Plants | 6600 | 3957 | 2642.00 |
| 10 | c/o Plantation wk in land of Susma devi s/o Ramesh chand | मस्ट्रोल संख्या (1925+2117) (14210+10962) =25172 x 2/3 =16781 | Plants | 20559.63 | 16781.33 | 3778.30 |
| **Total** | | | | | | **27744.30** |

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 224/2024 दिनांक 22/07/2024 की अनुपालना में सचिव द्वारा पत्र संख्या 15 दिनांक 25/07/2024 द्वारा अंकेक्षण में स्पष्ट किया कि "उक्त पत्र में वर्णित मनरेगा शीर्ष में materials (Plants) के रूप में ₹27744.30/- की अधिक भुगतान की वसूली सम्बंधित से करके आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दी जायेगीं।

अत: अंकेक्षण को दिये गये आश्वासन के दृष्टिगत उक्त निर्माण कार्यों हेतु राशि ₹27744.30 के अधिक भुगतान को तथ्यपूर्ण न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा वस्तुस्थिति, नियमानुसार देय उक्त राशि की वसूली उचित स्त्रोत से करके अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**9.2 पत्थर की खरीद में रिक्तियां (voids) की कटौती न करने के कारण ₹0.09 लाख का अधिक एवं गलत भुगतान करने बारे :-**

Himachal Pradesh public work department under rules 2.1.2.13 Coarse and fine aggregates supplied at site of works shall be paid for in cubic meters and actual volume of the aggregates to be paid for shall be computed after deducting the 12.5 percentage from the volume computed by stack measurements.

अंकेक्षण अवधि 04/22 से 03/24 हेतु चयनित माह 09/22 व 03/2024 के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा पत्थरों (stones) की खरीद हेतु **निम्न विवरणानुसार** राशि **₹70969/-** का कुल भुगतान किया गया था, लेकिन आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान करने से पूर्व

रिक्तियों (Voides ) की कटौती न करने के कारण राशि **₹8871.13** का अधिक एवं गलत भुगतान किया गया था :-

ग्राम पंचायत द्वारा अधिक एवं गलत भुगतान का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या 220/2024 दिनांक 22.07.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत के ध्यानार्थ लाया गया, जिसकी अनुपालना में सचिव द्वारा पत्र 15 दिनांक 25/07/2024 द्वारा स्पष्ट किया कि "उक्त पत्र में वर्णित पत्थर (stone) की खरीद पर **₹8871.13**/- रिक्तियों (voids) की कटौती नहीं की गई है, लेकिन इसके भुगतान की वसूली सम्बन्धित से करके आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत की दी जाएगी । प्रस्तुत उत्तर तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है ।

| **क्रम संख्या** | **शीर्ष का नाम** | **कार्य का नाम** | **वाउचर संख्या** | **बिल संख्या व दिनांक** | **फर्म का नाम व पता** | **क्रय किए गए सामान का विवरण** | **राशि (₹)** | **कटौती दर %** | **रिक्तियां (Voids)(₹)** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MNREGA | C/o Moksham Dham Vill Masyana | 0 | 78 | M/S Anil Kumar, Vill Kaswar, Hamirpur | stone | 29600 | 12.5 | 3700.00 |
| 2 | MNREGA | C/O wire crate near the nala piyadkar vill Piyadkar | 0 | 68 | M/S Anil Kumar, Vill Kaswar, Hamirpur | Stone | 9660 | 12.5 | 1207.50 |
| 3 | MNREGA | C/O sampark marg ramesh chand house to babdi vill bhadla | 0 | 69 | M/S Anil Kumar, Vill Kaswar, Hamirpur | stone | 11040 | 12.5 | 1380.00 |
| 4 | MNREGA | Up gradation pond | 0 | 70 | M/S Anil Kumar, Vill Kaswar, Hamirpur | stone | 8280 | 12.5 | 1035.00 |
| 5 | GIA (Planning) | C/O path from nirmla devi to dev raj house toward | 15 | 63 | M/S Anil Kumar, Vill Kaswar, Hamirpur | stone | 2039 | 12.5 | 254.88 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | GIA (Planning) | C/O link road gugga mandir to kesar singh house | 27 | 75 | M/S Anil Kumar, Vill Kaswar, Hamirpur | stone | 10350 | 12.5 | 1293.75 |
| Total | | | | | | | **70969** | **12.5** | **8871.13** |

